अमर उजाला
बरेली
मंगलवार, 31 अक्तूबर 2017
amarujala.com

PAGE NO. 09 MIDDLE LEFT

एकेटीयू : राज्य प्रवेश परीक्षा 15 अप्रैल को

लखनऊ। स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की ओर से आयोजित होने वाली राज्य प्रवेश परीक्षा 15 अप्रैल को होगी। इसके बाद 21 और 22 अप्रैल को लेट्रल इंट्री और परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा प्रस्तावित है। यह निर्णय सोमवार को विवि में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय परीक्षा समिति की बैठक में लिया गया। विवि के प्रवक्ता आशीष मिश्रा ने बताया कि भौतिक विज्ञान के प्रो. एके कटियार को परीक्षा का राज्य समन्वयक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा डॉ. राम चंद्र सिंह चौहान और आईईटी के सिस्टम मैनेजर अभिषेक नागर को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया है।